# 20. भगदड़



बुढ़िया चला रही थी चक्की,
पूरे साठ वर्ष की पक्की।
दोने में थी रखी मिठाई,
उस पर उड़कर मक्खी आई।





बुढ़िया बाँस उठाकर दौड़ी,
बिल्ली खाने लगी पकौड़ी।



झपटी बुढ़िया घर के अंदर,
कुत्ता भागा रोटी लेकर।



बुढ़िया तब फिर निकली बाहर,
बकरा घुसा तुरंत ही भीतर।
बुढ़िया चली, गिर गया मटका,
तब तक वह बकरा भी सटका।







बुढ़िया बैठ गई तब थककर,
सौंप दिया बिल्ली को ही घर।

Copyright SCERT, Assam
not to be republished

बिहार की मधुबनी शैली पर बने इन चित्रों पर बच्चों से बातचीत करें।



## कौन-कौन आया?

**बुढ़िया को परेशान करने कौन-कौन आया? चित्र बनाओ।**

**कौन किसके साथ? मिलाओ।**

| | |
|---|---|
| बुढ़िया | पकौड़ी |
| मक्खी | रोटी |
| बिल्ली | चक्की |
| कुत्ता | मिठाई |

**कविता में किसके बाद कौन आया?**

सबसे पहले ..........................

उसके बाद ..........................

उसके बाद ..........................

अंत में ..........................




बच्चों से पूछें इस कविता का नाम भगदड़ क्यों रखा गया होगा?

Copyright-SCERT, Assam
not be republished